## प्रोफेसर शांतनु भट्टाचार्य ने सीएसआईआर-सीरी के निदेशक का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया

प्रोफेसर शांतनु भट्टाचार्य, निदेशक, सीएसआईआर–केंद्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन (सीएसआईआर-सीएसआईओ), चंडीगढ़ ने दिनांक **13 जुलाई, 2026 (अपराह्न)** को सीएसआईआर–केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीरी), पिलानी के निदेशक का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया। उन्होंने यह दायित्व संस्थान के निवर्तमान निदेशक **डॉ. पी. सी. पंचारिया** का कार्यकाल पूर्ण होने के उपरांत ग्रहण किया। डॉ पंचारिया ने श्री प्रमोद तँवर, वैज्ञानिक एफ एवं प्रमुख, पीएमई; प्रशासन नियंत्रक श्री मधुरंजन पाण्डेय, वरिष्ठ वित्त एवं लेखा नियंत्रक श्री राजेश कुमार पारीक तथा अन्य सहकर्मियों की उपस्थिति में प्रोफेसर भट्टाचार्य को कार्यभार का विधिवत हस्तांतरण किया। डॉ. पंचारिया ने प्रोफेसर भट्टाचार्य को नए दायित्व के सफल निर्वहन के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।



*सीएसआईआर-सीरी के निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंप कर प्रो. शांतनु भट्टाचार्य को शुभकामना देते हुए निवर्तमान निदेशक डॉ. पी. सी. पंचारिया*

निदेशक का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण करने के उपरांत दिनांक **14 जुलाई, 2026** को प्रोफेसर भट्टाचार्य ने संस्थान के मुख्य सभागार में आयोजित समारोह में सीएसआईआर-सीरी कार्मिकों को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, परियोजना सहयोगियों, शोधार्थियों तथा विद्यार्थियों ने सहभागिता की।




*पदभार ग्रहण करने के उपरांत स्वागत समारोह में सहकर्मियों को संबोधित करते हुए प्रोफेसर शांतनु भट्टाचार्य, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी*



*स्वागत समारोह के दौरान सभागार में उपस्थित सहकर्मी*

प्रोफेसर शांतनु भट्टाचार्य ने संस्थान की गौरवशाली वैज्ञानिक विरासत, विभिन्न अनुसंधान क्षेत्रों तथा उल्लेखनीय तकनीकी उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सीएसआईआर-सीरी ने वीएलएसआई, सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी, सेंसर, माइक्रोवेव एवं संबंधित अत्याधुनिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान दिया है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी विकास की शुरुआत से ही हमें आपूर्ति शृंखला और विनिर्माण से जुड़ी चुनौतियों पर ध्यान देना चाहिए। साथ ही, अंतिम उपयोगकर्ताओं को शुरू से ही इस प्रक्रिया में शामिल कर ऐसी प्रौद्योगिकियाँ विकसित की जानी चाहिए जो सीधे बाज़ार की आवश्यकताओं को पूरा कर सकें। उन्होंने वर्तमान समय में देश

के समक्ष उपस्थित वैज्ञानिक एवं तकनीकी चुनौतियों का उल्लेख करते हुए सभी सहकर्मियों से सामूहिक प्रयास, नवाचार, अंतःविषयक सहयोग तथा उत्कृष्ट अनुसंधान के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।




*सहकर्मियों को प्रोफेसर भट्टाचार्य का औपचारिक परिचय देते हुए*
*डॉ. सुचंदन पाल, मुख्य वैज्ञानिक*

इससे पूर्व **डॉ. सुचंदन पाल, वैज्ञानिक-जी**, ने सभी सहकर्मियों के समक्ष प्रोफेसर शांतनु भट्टाचार्य का औपचारिक परिचय प्रस्तुत करते हुए उनके वैज्ञानिक एवं प्रशासनिक अनुभव से सभी को अवगत कराया तथा उन्हें पदभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएँ दीं।



*विभागाध्यक्षों के साथ चर्चा करते हुए*
*प्रो. शांतनु भट्टाचार्य, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी*

इसके उपरांत प्रोफेसर भट्टाचार्य ने संस्थान के विभिन्न विभागाध्यक्षों के साथ विस्तृत बैठक की। बैठक में संस्थान की अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों, प्रमुख शोध परियोजनाओं, भावी रणनीतियों, उद्योग-सहयोग, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण तथा संस्थान की प्राथमिकताओं पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने विभागाध्यक्षों से अनुसंधान उत्कृष्टता, नवाचार, अंतःविषयक सहयोग तथा राष्ट्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप प्रौद्योगिकी विकास को और अधिक गति प्रदान करने का आह्वान किया।




*धन्यवाद ज्ञापित करते हुए श्री मधुरंजन पाण्डेय, प्रशासन नियंत्रक*

कार्यक्रम के अंत में **श्री मधुरंजन पाण्डेय, प्रशासन नियंत्रक**, ने औपचारिक धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रोफेसर भट्टाचार्य का संस्थान में स्वागत किया तथा उनके प्रेरक विचारों के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने के लिए उपस्थित सभी अधिकारियों एवं सहकर्मियों के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित किया।




*कार्यक्रम का संचालन करते हुए **डॉ. राजेन्द्र कुमार वर्मा**, वैज्ञानिक-ई*

कार्यक्रम का संचालन करते हुए **डॉ. राजेन्द्र कुमार वर्मा**, वैज्ञानिक-ई ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रोफेसर भट्टाचार्य के नेतृत्व एवं वैज्ञानिक मार्गदर्शन में संस्थान अनुसंधान, नवाचार, प्रौद्योगिकी विकास, उद्योग-सहभागिता तथा राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप तकनीकी समाधानों के विकास के क्षेत्र में नई उपलब्धियाँ अर्जित करेगा।

----------

**सीएसआईआर - केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान**
**पिलानी 333031 (राजस्थान)**

सं. प्रनि/विविध/2026 दिनांक : 13.07.2026

**कार्यालय ज्ञापन**

डॉ. पूनम चंद पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी, पिलानी ने दिनांक 13.07.2026 को निदेशक के रूप में अपना कार्यकाल पूर्ण होने पर सीएसआईआर के का.ज्ञा. संख्या 4-3(14)/2020-DRC दिनांक 13.07.2026 के अनुसरण में सीएसआईआर-सीरी, पिलानी के निदेशक पद का प्रभार दिनांक 13.07.2026 (अपराह्न) को प्रो. शांतनु भट्टाचार्य, निदेशक, सीएसआईआर-सीएसआईओ, चंडीगढ़ को सौंप दिया है।

तदनुसार, प्रोफेसर शांतनु भट्टाचार्य, निदेशक, सीएसआईआर-सीएसआईओ, चंडीगढ़ दिनांक 14.07.2026 से सीएसआईआर-सीरी, पिलानी के नियमित निदेशक की नियुक्ति होने अथवा अगला आदेश जारी होने तक, जो भी पहले हो, बिना किसी अतिरिक्त पारिश्रमिक के सीएसआईआर-सीरी, पिलानी के निदेशक पद का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे।

मधुरंजन 13/7/2026
**(मधुरंजन पाण्डेय)**
**प्रशासन नियंत्रक**

**सेवा में,**

1. प्रो. शांतनु भट्टाचार्य,
   निदेशक, सीएसआईआर-सीएसआईओ, चंडीगढ़।
2. डॉ. पूनम चंद पंचारिया,
   निदेशक, सीएसआईआर-सीरी, पिलानी।

**प्रतिलिपि :**

1. वरिष्ठ प्रशासन नियंत्रक/प्रशासन नियंत्रक/प्रशासन अधिकारी/वरिष्ठ वित्त एवं लेखा नियंत्रक/वित्त एवं लेखा नियंत्रक/वित्त एवं लेखा अधिकारी, सीएसआईआर-सीएसआईओ, चंडीगढ़
2. सभी राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं/संस्थानों के निदेशक/प्रमुख
3. महानिदेशक, सीएसआईआर के कार्यालय के वरिष्ठ निजी सचिव
4. संयुक्त सचिव (प्रशासन), सीएसआईआर के कार्यालय के अवर सचिव
5. वित्तीय सलाहकार, सीएसआईआर के निजी सचिव
6. मुख्य सतर्कता अधिकारी, सीएसआईआर के निजी सचिव
7. विधि सलाहकार, सीएसआईआर के निजी सचिव
8. प्रमुख,सीपीडी/टीकेडीएल/आईपीयू/एचआरडीसी/एचआरडीजी/आईएसटीएडी/आरएबी/टीएमडी/आईएमडी/एससीडीडी/यूआरडीआईपी
9. सीएसआईआर मुख्यालय एवं सीएसआईआर कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली में कार्यरत सभी वरिष्ठ उप सचिव/उप सचिव/वरिष्ठ उप वित्तीय सलाहकार/उप वित्तीय सलाहकार
10. वरिष्ठ वित्त एवं लेखा नियंत्रक/भंडार एवं क्रय अधिकारी
11. अनुभाग अधिकारी (बिल)/आहरण एवं संवितरण अधिकारी (DDO)
12. सभी अनुभागाध्यक्ष
13. भर्ती प्रकोष्ठ।
14. निदेशक के निजी सहायक।
15. प्रमुख, एआईटीजी/एनएमसी - सीएसआईआर-सीरी की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
16. कार्यालय प्रति।